७. भीष्म संदेश

I. प्रश्न उत्तर

प्र.१. भीष्म संदेश कविता का सारांश लिखिए ।

उ. **कवि परिचय** : 'भीष्म संदेश' नामक कविता के कवि **''श्री डॉ. रामधारीसिंह' ' दिनकर 'हैं** । आपका जन्म सन् १९०८ में हुआ और मृत्यु १९७४ में हुई । आपका जन्मस्थान बिहार हैं । दिनकर राष्ट्रीय कवि हैं । ' ऊर्वशी ' पर आपको ज्ञानपीठ का पुरस्कार प्राप्त हुआ ।

प्रमुख रचनाएँ - कुरुक्षेत्र , रश्मिरथी, ऊर्वशी ।

सारांश :

भीष्म संदेश नामक कविता ' कुरुक्षेत्र ' से ली गयी है । महाभारत युध्द की नरहत्या से युधिष्ठिर का मन विचलित हुआ । भीष्म पितामह शरशय्या पर पडे हुए थे । उनसे युधिष्ठिर वन में जाकर अपना मुँह छिपा लेने की इच्छा प्रकट करते हैं । तब भीष्म कर्त्तव्य निभाने का संदेश इस प्रकार देते हैं ।

" हे युधिष्ठिर ! महाभारत युध्द से उत्पन्न मानव के दुःख को तुम अपने तप से शांत करो । दग्ध भूतल को शांति और प्रेम रुपी अमृत से अभिषिक्त करो ।

सारी भारत भूमि बाणों से घायल है । प्रजा जन हाहाकार एवं चीत्कार कर रही है । इन लोगों को छोड कर वन में जाकर तुम कौन - सी शांति पाओगे ? चेतन प्राणी की सेवा छोड़कर जड़ को कैसे अपनाओगे ? हे युधिष्ठिर ! अपने आँसू पोंछो और जल्दी उठो । निराश बने नर जीवन में आशा बनकर खड़े हो जाओ " ।

प्र.२. भारत भूमि की क्या हालत है ?

उ. भारत भूमि बाणों से घायल है । प्रजा जन हाहाकार एवं चीत्कार कर रही है । असंख्य नरों में निराशा की भावना भर गयी है । हर जगह अशांति फैल गयी है ।

प्र.३. युधिष्ठिर वन में क्यों शांति नहीं पा सकेंगे ?

उ. भारत भूमि बणों से घायल है । कई प्रणियों से ' बचाओ बचाओ ' की चीत्कार निकल रही हैं । असंख्य नरों में निराशा की भावना भर गयी है । ऐसे लोगों की सेवा करना राजा का

कर्त्तव्य होता है । इसे छोड़कर वन में जाने से शांति नहीं मिलेगी । अर्थात चेतन प्राणी की सेवा से ही शांति मिलेगी ।

***

II. पर्यायवाची शब्द ।

१. पीयुष - अमृत, सुधा

२. भूतल - धरती, भूमि

३. द्रुत - तीव्र, तुरन्त

४. वन - जंगल, कानन

III. निम्न शब्दों को जोड़िए ।

१. राग + अनल = रागानल

२. भू + तल = भूतल

३. अभि + षिक्त = अभिषिक्त

४. विः + क्षत = विक्षत

५. बहु + मूल्य = बहुमूल्य

IV. निम्न शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।

१. पीयुष -अमृत

पीयुष मनुष्य को अमरत्व प्रदान करता है ।

२. सेवा - सहायता

हमें दीन दुखियों की सेवा करनी चाहिए ।

३. वन - जंगल

वन में अनेक प्रकार के पेड़ - पौधे होते है ।

४. शांति - चैन

भारत सदा से शान्तिप्रिय देश कहलाता है ।

V. वस्तुनिष्ठ प्रश्न

१. "भीष्म संदेश" कविता के कवि का नाम क्या है ?

उ. डॉ. रामधारी दिनकर

२. रामधारी दिनकर जी का जन्म कब हुआ?

उ १९०८ में ।

३. दिनकर जी किस विश्व विद्यालय के उपकुलपति थे ?

उ. भागलपूर

४. दिनकर जी कैसे कवि है ?

उ. राष्ट्रकवि

५. दिनकर जी को किस ग्रंथ पर ज्ञानपीठ का पुरस्कार मिला ?

उ. उर्वशी

६. दिनकर जी की भाषा कैसी है ?

उ. ओजपूर्ण

७. भीष्म संदेश किस ग्रंथ से लिया गया है ?

उ. कुरुक्षेत्र

८. शर शय्या पर कौन पड़े है?

उ. भीष्म पिता मह

९. युधिष्ठिर का एक और नाम क्या है ?

उ. धर्मराज

१०. भीष्म पितामह धर्मराज से क्या निभाने का संदेश देते है ?

उ. कर्त्तव्य

११. भारत भूमि अंग - अंग किससे घायल है ?

उ. बाणों से ।

१२. युधिष्ठिर वन में जाकर क्या पाना चाहते थे ?

उ. शान्ति

१३. युध्द में लोगों के मुख से क्या शब्द निकलते है ?

उ. त्राहि - त्राहि

१४. भीष्म किसे उपदेश देते है ?

उ. युधिष्ठिर

१५. दिनकर जी की मृत्यु कब हुई ?

उ. १९७४ में ।

***